

## एक नजर

### राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक



**महिदपुर।** अन्तरर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल जिला उज्जैन तहसील महिदपुर की बैठक सत्यनारायण मंदिर पर संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम भगवान सत्यनारायण पूजन माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। इस बैठक में अन्तरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद मालवा प्रान्त कार्यकारी अध्यक्ष महंत ओम भारती, मुकेश पाटीदार, संजय यादव, घनश्याम प्रजापति उपस्थित रहे। ओम भारती ने सभी कार्यकर्ता का मार्गदर्शन किया। संजय यादव ने कार्यकर्ताओं को बताया कि अयोध्या में प्रभु श्री राम जी का भव्य मंदिर बन गया है। आज आनंद का गौरव है और आनंद से हिंदू समाज रह रहा है। 23 जनवरी शुक्रवार को बसंत पंचमी जन्मोत्सव अखंड पूजन हवन यज्ञ सूर्योदय से सूर्यास्त तक सिर्फ हिन्दू समाज को ही प्रवेश दे। राष्ट्रीय बजरंग दल ने हिन्दू समाज का आह्वान किया कि धार भोजशाला मां सरस्वती वाग्देवी 23 जनवरी 2026 शुक्रवार बसंत पंचमी दर्शन करने चलना है। बैठक में श्याम सिंह चौहान, विजय पंडिया, दिलीपदास बैरागी, अरुण चौधरी, नागेश्वर चौधरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी सुल्तान सिंह ने दी।

### मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद का विकासखंड स्तरीय सम्मेलन संपन्न



**घट्टिया।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड घट्टिया स्व.नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय सम्मेलन का आयोजन मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नागर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य बद्रीलाल मालवीय, जन स्वास्थ्य रक्षक मंच प्रदेश अध्यक्ष बीएल प्रजापति, शिवप्रसाद मालवीय, जय दीक्षित, श्याम लाल चौधरी एवं मोहन सिंह परिहार विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर नागर द्वारा अपना उद्बोधन भी दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान अंतर्गत सम्पन्न हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रस्फुटन समितियों को भी सम्मानित किया गया। जन अभियान परिषद के विभिन्न कार्यक्रमों की मीडिया में न्यूज लगाने पत्रकार बंधुओं विनोद कारपेंटर व अनवर मंसूरी का भी सम्मान किया गया। अभियान की भूमिका जिला समन्वयक जय दीक्षित द्वारा रखी गई। कार्यक्रम का संचालन रचना शर्मा ने किया। अतिथि परिचय हेमेंद्र पाटीदार द्वारा व्यक्त किया गया। आभार मोहन सिंह परिहार ने माना।

### विद्यालय का आर्थिक व शैक्षिक अवलोकन किया



**माकड़ोन।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल सैलाना जिला रतलाम से प्राचार्य धर्मेंद्र पाटीदार एवं प्रांतीय एवं क्षेत्रीय आईसीटी एवं एटीएल संयोजक महेंद्र चंदेल उपस्थित रहे। अवलोकन कर्ता द्वारा वंदना प्रार्थना सत्र में भैया-बहनों का मार्गदर्शन किया गया। आचार्य परिवार के साथ बैठक एवं शैक्षिक विषयों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर विभाग समिति सचिव जयप्रकाश सरिया, होकम सिंह पटेल, अरुण कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

### सांसारिक उपयोगिता से बेहतर प्रभु भक्ति में है जीवन की सार्थकता



**घट्टिया।** वर्तमान उपयोगितावादी युग में व्यक्ति की फल की ओर विशेष आसक्ति रहती है। हमारा जीवन कितनी मिथ्या दृष्टि पर टिका हुआ है। इसका अनुमान इसी बात से हो जाता है कि हमारा शरीर नश्वर है, किंतु हम मानते नही है, जिस प्रकार केवट ने प्रभु श्री राम को गंगा पार उतारने पर नाव के किराए के एवज में सोने की अंगूठी का त्याग कर प्रभु से भवसागर पार उतारने की विनती की। उसी प्रकार हमें भी सांसारिक दिखावट में लगकर प्रभु भक्ति में ध्यान लगाना चाहिए तो जीवन सार्थक बनेगा और भवसागर से मुक्ति मिलेगी। उक्त बात चारभुजा ग्रुप के तत्वावधान में चारभुजा नाथ मंदिर प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा में कथा व्यास राष्ट्रीय संत पं. राजेश्वर महाराज बडनगर वाले ने केवट प्रसंग सुनाते हुए कही। आकर्षक भजन कभी-कभी भगवान को भी भक्त से काम पड़े, जाना था गंगा पार प्रभु केवट की नाव चढ़े ने श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। केवट द्वारा प्रभु राम को गंगा नदी पार कराने की झांकी का मंचन किया गया। आरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

### गायत्री परिवार द्वारा जन्मशताब्दी पर्व उत्साह से मनाया जाएगा



**माकड़ोन।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में मातृशक्ति एवं अखंड दीप जन्मशताब्दी उत्साह से संपन्न हो रही है। इसी तारतम्य में स्थानीय स्तर पर गायत्री परिवार द्वारा संस्कारशाला में विभिन्न कार्यक्रम संपन्न हो रहे हैं। 20 से 24 जनवरी तक प्रत्येक घरों में पांच-पांच दीपक एवं सजावट के साथ गायत्री मंत्र महामृत्युंजय मंत्र एवं मौन ध्यान साधना संपन्न हो रही है तथा सायं कॉल महिला मंडल द्वारा भजन एवं नगर परिक्रमा की योजना बनाई है। 23 जनवरी बसंत पंचमी के अवसर पर प्रात काल संस्कार शाला में पंच कुंडीय यज्ञ तथा दिनभर ध्यान साधना का क्रम चलेगा। जानकारी मोहनलाल सोनी ने दी।

# ग्राम कढ़ाई में संगीतमय श्रीराम कथा का विश्राम

**महिदपुर। समीपस्थ ग्राम कड़ाई स्थित प्राचीन श्री चिंतामण गणेश मंदिर के पावन प्रांगण में संगीतमय श्रीराम कथा एवं हिंदू सम्मेलन का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मंगलवार दोपहर श्रीराम कथा का विधिवत विश्राम हुआ।**

सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का वाचन पं. श्यामजी मनावत ने किया। उनके सुमधुर एवं ओजस्वी प्रवचनों ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कथा विश्राम के पश्चात दोपहर में कड़ाई खंड क्षेत्र का भव्य हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन को जिला व्यवस्था प्रमुख अशोक पोरवाल एवं मातृ शक्ति किरण बैरागी ने संबोधित किया। हिंदू सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक सुभाष ठाकुर एवं सहसंयोजक भगवान सिंह पंवार रहे। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश रावल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन संयोजन सुभाष ठाकुर द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में सतपाल सिंह गांधी, आशीष राठी, बलराम उपाध्याय, विजयपाल सिंह, जितेंद्र पाठक, अनिल उपाध्याय, चेतन गोस्वामी, हरिराम आंजना, नागेश्वर चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। आयोजन के दौरान बालिकाओं द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई तथा मंच से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं, जिसने कार्यक्रम को और भी भव्य बना दिया।


LANXESS

Energizing Chemistry


# सीडीपी ने लैंक्सेस को पर्यावरण सुरक्षा के लिए 'ए' लिस्ट में शामिल किया

**नागदा।** क्लाइमेट प्रोटेक्शन पहल सीडीपी ने स्पेशियलिटी केमिकल्स कंपनी लैंक्सेस को एक बार फिर पर्यावरण सुरक्षा के लिए 'ए' लिस्ट में शामिल किया है। लैंक्सेस ने लगातार सांतवी बार यह उपलब्धि हासिल की है।

ए रेटिंग के साथ यह कंपनी दुनिया की 22,100 से अधिक कंपनियों में शीर्ष 4 प्रतिशत में आती है। दिसंबर 2025 में सस्टेनेबिलिटी प्लेटफॉर्म इकोवाडिस ने लैंक्सेस का मूल्यांकन किया। 100 में से 83 अंक प्राप्त करके कंपनी ने पिछले साल के प्रदर्शन से बेहतर परिणाम हासिल किया और शीर्ष 2 प्रतिशत कंपनियों में शामिल हुई। इस रेटिंग के साथ लैंक्सेस के गोल्ड स्टेटस की फिर से पुष्टि हुई।

लैंक्सेस एजी के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के सदस्य हुबर्ट फिंक का कहना है सीडीपी और इकोवाडिस की ताजा रेटिंग्स यह साबित करती हैं कि सस्टेनेबिलिटी पर हमारा फोकस अंतरराष्ट्रीय मानक तय कर रहा है। हमारी यह प्रगति हमारे ग्राहकों के लिए भी फायदेमंद है, जो अपनी सस्टेनेबिलिटी लक्ष्य हासिल करना चाहते हैं।



# महिदपुर रोड में हुआ नंदलाल यादव का भव्य स्वागत

**महिदपुर।** मंगलवार को झारड़ा, महिदपुर, खेड़ा खजूरिया, घोंसला, महिदपुर रोड़ के पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन प्रेस क्लब अध्यक्ष नन्दलाल यादव, अध्यक्षता आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष रमेश टांक, विशेष अतिथि थे आंचलिक पत्रकार संघ के प्रदेश प्रवक्ता एवं संभागीय अध्यक्ष रामचन्द्र गिरी, रमेश गौड़, नरेन्द्र टांक, अजय सिंह चौहान, संभाग महामंत्री भारत सिंह चौधरी, दिनेश मंडोवरा व जिला अध्यक्ष सुनील जैन रामसना थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती वंदना के साथ हुई। पश्चात अतिथियों के स्वागत सत्कार का दौर चला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. रामचन्द्र ठाकुर ने कहा कि प्रदेश को एक अच्छा नेतृत्व प्राप्त हुआ है। रामचन्द्र गिरी ने कहा कि वे सदैव पत्रकारों के आर्थिक हितों के पक्षधर रहे हैं। इससे पूर्व यादव का घोंसला में दिनेश मित्र मंडल, खेड़ा खजूरिया में शुभम जैन, रघुवीर सिंह राजपूत व रवीन्द्र सिंह राजपूत ने तथा डेलची में राकेश दायमा मित्रमंडल द्वारा भी स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अतिथि परिचय आंचलिक पत्रकार संघ के जिला अध्यक्ष सुनील जैन रामसना व आभार रघुवीर सिंह राजपूत ने तथा संचालन प्रकाश शर्मा ने किया।

कार्यक्रम में दिनेश वर्मा, ब्लाक अध्यक्ष रघुवीर सिंह राजपूत, वैभव सूर्यवंशी, निरंजन उदीवाल, दिनेश बगाना, निलेश गरासिया, गोपाल उपाध्याय, अर्जुन डोडिया ने भाग लिया।

# गुलाब शाह वाली का उर्स श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया

> चादर पेश कर अमन-शांति की दुआ की

**उज्जैन। आजाद कॉलोनी स्थित गुलाब शाह वाली की मजार पर गुलाब शाह कमेटी द्वारा उर्स के मौके पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उर्स को परंपरागत रूप से श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मजार को आकर्षक लाइटों एवं फूलों से सजाया गया, जिससे संपूर्ण परिसर रौशन नजर आया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मानव अधिकार जिला अध्यक्ष एवं ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी उपस्थित थे। कमेटी के अध्यक्ष जावेद भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी उर्स के अवसर पर चादर पेश एवं लंगर का आयोजन किया गया।

उर्स के मौके पर सुबह से लेकर शाम तक मजार पर जायरीनों की भारी भीड़ लगी रही। मगरिब की नमाज के बाद कमेटी के युवाओं द्वारा मजार पर चादर एवं फूलों की चादर चढ़ाई गई। इस दौरान देश में अमन-शांति और भाईचारे की दुआ की गई। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य एवं मजार पर आने वाले जायरीन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। चादर पेश करने के पश्चात लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहभागिता की और नियाज़ की बरकत हासिल की।

कार्यक्रम के अंत में कमेटी ने अतिथि एवं आए साथियों का सफा बनकर एवं फूलों की माला से स्वागत किया। जिला अध्यक्ष इम्तियाज अंसारी ने कहा कि यह पर गुलाब शाह वाली की मजार बरसों पुरानी आस्था का केंद्र है।

मान्यता है कि जो भी जायरीन सच्चे मन से मजार पर अपनी मन्नत लेकर पहुंचता है, उसकी मन्नत गुलाब शाह वाली पूरी करते हैं। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में लोग यहां मन्नत मांगने आते हैं और मन्नत पूरी होने पर चादर पेश कर अपनी श्रद्धा अर्पित करते हैं।

इस अवसर पर टीपू खान, लियाकत कला, जुनैद, जुबेर, नासिर भाई, आमिर खान, सद्दाम खान, सोहेल खान, गोलू खान, आवेश, गुल्लू भाई, नदीम, शादाब, मालू बाबा, सरदार, अरहान पहलवान एवं अरशद खान उपस्थित रहे।

# पालीवाल ब्राह्मण हितकारी समिति का निर्वाचन सर्वसम्मति से संपन्न

> विशाल ट्रैक्टर मार्च आंदोलन 6 अक्टूबर को, कलेक्ट्रेट तक पहुंचेगी रैली

**माकड़ोन।** पालीवाल ब्राह्मण हितकारी समिति जिला उज्जैन का निर्वाचन रविवार, 17 जनवरी को माकड़ौन में शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। निर्वाचन प्रक्रिया में समाजजनों की सर्वानुमति से नंदकिशोर जी पालीवाल को जिला अध्यक्ष चुना गया। वहीं चंद्रकांत जी पालीवाल (माकड़ोन) को सचिव एवं देवेंद्र पालीवाल पटवारी (झारड़ा) को कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई।



कार्यक्रम में समाज के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। जिनमें ललित पालीवाल, दुर्गाप्रसाद पालीवाल, रामबाबू पालीवाल सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे। निर्वाचन के सफल आयोजन पर नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों द्वारा पुष्पमालाओं से भव्य स्वागत कर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर कैलाश मालवीय, रामचंद्र चौधरी, बाबूलाल मालवीय, अर्जुन चौहान, जान मोहम्मद, संजय जाल, राहुल मालवीय, रोहित मालवीय सहित अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया गया।

# रोहित शर्मा मौत मामला...कुएं में गिरने को लेकर हत्या के आरोप

**माकड़ौन। उज्जैन जिले के एक ग्रामीण युवक रोहित शर्मा की दूसरे प्रदेश में कुएं में गिरने से हुई मौत को लेकर मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। जहां मृतक के परिजन इसे सुनियोजित हत्या बता रहे हैं, वहीं आरोपों के घेरे में आए तीनों दोस्तों ने इन आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद और तथ्यहीन बताया है तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है।**



मृतक रोहित शर्मा के भाई राहुल शर्मा व परिजनों का आरोप है कि रोहित अपने तीन दोस्तों के साथ व्यापारिक कार्य से दूसरे प्रदेश गया था। परिजनों के अनुसार रोहित उनके व्यापार का हिसाब-किताब संभालता था और कुछ लेन-देन को लेकर विवाद की स्थिति बन रही थी। परिजनों का कहना है कि इसी विवाद के चलते रोहित को डराया गया। जिससे जान बचाने के प्रयास में वह कुएं में कूद गया या उसे कूदने पर मजबूर किया गया। मामले में आरोपित बनाए जा रहे तीनों दोस्तों की ओर से एक करीबी मित्र ने पक्ष रखते हुए बताया कि रोहित शर्मा उनके यहां मुनीम के रूप में कार्य करता था और उनके बीच किसी प्रकार का व्यापारिक विवाद या पैसों का लेन-देन नहीं था।

पुलिस प्रशासन का कहना है कि मामला जांच में है। सभी पहलुओं—परिजनों के आरोप, दोस्तों के बयान, घटनास्थल की परिस्थितियां और तकनीकी साक्ष्यों—की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# जिला स्तरीय स्पर्धा में तृतीय स्थान मिला

**घट्टिया।** जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत विकासखंड घट्टिया के कार्मल कान्वेंट स्कूल कमेड की बालिका वर्ग खो खो की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रतियोगिता में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर शुभकामनाएं दी गई। खो खो टीम के खिलाड़ियों को एवं कोच मैनेजर को डॉ. सिस्टर कृपा मारिया प्राचार्य, बलवीर सिंह पवार ब्लॉक समन्वयक, खेल एवं युवा कल्याण विभाग घट्टिया, वीरेंद्र भाटिया, धर्मेंद्र जोशी, ज्योति चौहान, वैभव मालवीय कोच ने बधाई देकर हर्ष व्यक्त किया।

# बिना सहमति केंद्र के समान डीए मिल रहा है सिर्फ मप्र के पेंशनरों के साथ भेदभाव क्यों

**खाचरौद।** राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 के तहत नए राज्यों के रूप में मध्य प्रदेश से 1 नवंबर 2000 को छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश से 9 नवंबर 2000 को उत्तराचल और बिहार से 5 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य अस्तित्व में आए।

मध्य प्रदेश को छोड़कर अन्य राज्य एक दूसरे राज्य की सहमति के बिना केंद्र के समान महंगाई भत्ता का भुगतान हो रहा है सिर्फ मध्य प्रदेश एक मात्र ऐसा राज्य है जहां छत्तीसगढ़ सरकार की सहमति की जरूरत महसूस करती है। मध्य प्रदेश शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष स्वरूप नारायण चतुर्वेदी ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की छठवीं अनुसूची की धारा 49/6 में पेशनरों के संबंध में जिम्मेदारी के विभाजन की बात का उल्लेख है। जिस का मध्य प्रदेश सरकार द्वारा गलत व्याख्या कर गत 25 वर्षो से मध्य प्रदेश के पाच लाख पेंशनरों के साथ भेदभाव पूर्ण नीति अपनाई जा रही है जो सरासर अन्याय पूर्ण हैं।

चतुर्वेदी ने पत्र में इस और भी ध्यान दिलाया कि केंद्र सरकार के कर्मचारियों व पेशनरो तथा मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को 55 प्रतिशत डी ए दिया जा रहा है सिर्फ मध्य प्रदेश में ही पेशनरो को कम डी ए मिल रहा है जबकि पुनर्गठित राज्य उत्तरांचल, झारखंड के पेंशनरों को दोनों राज्यों की सरकार की परस्पर सहमति लिए बिना लगातार भुगतान समय पर हो रहा है। एक मात्र मध्य प्रदेश ऐसा राज्य है जहां 5 लाख पेंशनर है इसे एक लाख पेंशनर वाले राज्य छत्तीसगढ़ से डी ए देने की अनुमति लेना पड़ रही है यह एक विचारणीय है। आश्चर्य इस बात का है कि डा मोहन यादव जी को तो भली भांति मालूम है कि पांच लाख पेंशनरों का एक मात्र सहारा पेंशन और उस पर मिलने वाला मंहगाई भत्ता है। मंहगाई के इस दौर में अपने पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों को निभाने में एक मात्र पेंशन और डी ए का ही तो सहारा है। यदि इससे भी वंचित कर दिया जाता है तो यह न्यायोचित नहीं माना जा सकता है। पेंशनरों को भी केन्द्र व राज्य सरकार के कर्मचारियों के समान व महंगाई भत्ता देने के आदेश प्रदान कर धारा 49/6 को विलोपित करने का उचित निर्णय ले तो न्याय संगत होगा।

**एक नजर** पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर संस्कृति की झलक प्रस्तुत की

# राजपूत समाज की महिलाओं ने मनाया हल्दी कुमकुम पर्व

**उज्जैन। राजपूत समाज की महिलाओं ने पारंपरिक हल्दी कुमकुम पर्व का आयोजन परंपरानुसार बड़े उत्साह और श्रध्दा के साथ मनाया। सभी क्षत्राणियों ने पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।**

कार्यक्रम की शुरूआत महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण कर गणेश वंदना से हुई। महिलाओं के लिए विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया जिसमें चेयर रेस में प्रथम ममता पंवार, द्वितीय अंजू भदौरिया, तृतीय दीपा राणे रहीं। गुल्ली डंडा के खेल में प्रथम नरेंद्र कुंवर, द्वितीय रूपा और तृतीय मीना पंवार रही। सितोलिया और कबड्डी दो टीमों के बीच हुआ जिसमें सितोलिया में प्रथम टीम अंजू सोलंकी की रही। वहीं रोमांचक हुए कबड्डी मैच में पद्मावती टीम की कप्तान हेमंतकुंवर राठौर की टीम विजयी रही, उपविजेता विजिया राजपूत की टीम दुर्गावती रही।



प्रमुख अतिथि उषा पंवार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा एवं राधा चौहान राष्ट्रीय प्रमुख महामंत्री अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा विजेता टीम को पुरस्कार वितरण किया गया। इसमें 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की वरिष्ठ क्षत्राणियों का सम्मान कर उनका आशीष प्राप्त किया। प्रमुख आयोजक उषा पंवार ने कहा ऐसे आयोजन निरंतर होते रहना जिससे हमारी संस्कृति पोषित होती है। संस्कार प्राप्त होते हैं, मेल जोल बड़ता है। सभी प्रतिभागियों में बचपन की यादें ताजा होती है और भरपूर मनोरंजन होकर आनंद की प्राप्ति होती है। जीवन की भागदौड़ की दुनिया से ग्रहणियां बाहर निकरकर कुछ क्षण आनंद के साथ व्यतीत होता है। सभी को सफल आयोजन की बधाई आपस में दी साथ ही अगले वर्ष पुन: आयोजन करने का संकल्प लिया और धन्यवाद के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। आभार राधा चौहान ने माना।